पश्चिम मध्य रेल
West Central Railway

महाप्रबंधक कार्यालय
जनसम्पर्क विभाग
जबलपुर

# गणपति के अवसर पर कोटा-मथुरा-कोटा के मध्य चलेगी श्री गणेश मेला स्पेशल ट्रेन

जबलपुर। रेलवे में त्यौहारों के अवसर पर यात्रियों की सुविधा के लिए स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है। इसी कड़ी में पश्चिम मध्य रेल पर भी कोटा मंडल के यात्रियों की सुविधा हेतु आगामी गणपति महोत्सव के अवसर पर रेलवे प्रशासन द्वारा कोटा-मथुरा-कोटा के बीच श्री गणेश मेला सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन चलाई जा रही है।

**कोटा-मथुरा-कोटा श्री गणेश मेला सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन**

**गाड़ी संख्या 02081/02082, कोटा-मथुरा-कोटा श्री गणेश मेला सुपरफास्ट विशेष ट्रेन का संचालन दिनांक 26 अगस्त से 28 अगस्त 2025 तक कुल 03-03 फेरे के लिए किया जाएगा।**

**गाड़ी संख्या 02081 (कोटा-मथुरा)** कोटा स्टेशन से सुबह 08.45 बजे प्रस्थान करेगी। यह ट्रेन मार्ग में 09.38 बजे इंद्रगढ़, 10.08 बजे सवाई माधोपुर, 10.58 बजे गंगापुर सिटी, 11.23 बजे श्री महावीर जी, 11.35 बजे हिंडौन, 12.05 बजे बयाना एवं 12.43 बजे भरतपुर स्टेशनों पर ठहरते हुए मथुरा स्टेशन पर दोपहर 14.10 बजे पहुंचेगी।

**गाड़ी संख्या 02082 (मथुरा-कोटा)** मथुरा स्टेशन से शाम 16.15 बजे प्रस्थान करेगी। यह ट्रेन मार्ग में 16.43 बजे भरतपुर, 17.13 बजे बयाना, 17.38 बजे हिंडौन, 17.50 बजे श्री महावीर जी, 18.30 बजे गंगापुर सिटी, 19.13 बजे सवाई माधोपुर एवं 19.42 बजे इंद्रगढ़ स्टेशनों पर ठहरते हुए कोटा स्टेशन पर रात 21.10 बजे पहुंचेगी।

**कोच संरचना:** इस विशेष ट्रेन में 07 शयनयान श्रेणी सहित कुल 09 डिब्बे होंगे।

स्पेशल ट्रेनों के समय एवं ठहराव की विस्तृत जानकारी के लिए, कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर जाएँ या NTES ऐप डाउनलोड करें।

---

संख्या : पमरे/मुख्या/मुजसअधि/प्रेस विज्ञप्ति/328/2025 दिनांक 24.08.2025

सम्माननीय संपादक, कृपया जनहित में उपरोक्त समाचार अपने लोकप्रिय दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित कर सहयोग प्रदान करें।

मुख्य जनसंपर्क अधिकार
पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर